कजरारे मोटे-मोटे तेरे नैन

मोटे मोटे नैनन के तू, मीठे मीठे बैनन के तू,
सांवरी सलोनी सूरत के तू,
और प्यारी प्यारी मोहनी मूरत के तू,

बांके बिहारी कजरारे मोटे-मोटे तेरे नैन,
नजर ना लग जाये,

काजल के कोरे, "होय",
मेरा जिगर मरोड़े, "होय",
रंग रस में भोरे, "होय",
मैं तो हारी रे, कजरारे मोटे मोटे तेरे नैन,
नजर ना लग जाये, "होय" ॥

आँखों का काजल, "होय",
मेरा जिगर है घायल, "होय",
तेरे प्यार मैं पागल, "होय",
कर डारि रे कजरारे मोटे मोटे तेरे नैन,
नजर ना लग जाये, "होय" ॥

तेरे मुकुट की लटकन, "होय",
तेरे अधर की मुस्कान, "होय",
गिरवह की मटकन, "होय",
बलिहारी रे कजरारे मोटे मोटे तेरे नैन,
नजर ना लग जाये, "होय" ॥

तेरी रीत है टेढ़ी, "होय",
तेरी प्रीत है टेढ़ी, "होय",
तेरी जीत है टेढ़ी, "होय"
में तो हारी रे कजरारे मोटे मोटे नैन,
नजर ना लग जाये, "होय" ॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13819/title/kajrare-mote-mote-tere-nain

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |